हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आन्दोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email Id: prakharpurvanchal@gmail.com

वाराणसी, चन्दौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, इलाहाबाद तथा गोरखपुर से प्रसारित

वर्ष ६ अंक १६४ पृष्ठ ४, मूल्य ३.००, आमंत्रण मूल्य २.०० ३० नवम्बर २०२१ दिन मंगलवार गाजीपुर/वाराणसी

## योगी सरकार का कोरोना को लेकर नया आदेश विदेश से आने वाले यात्रियों के आइसोलेशन के लिए अलग अस्पताल

**जोखिम श्रेणी वाले देश में यूरोपीय देशों में यूनाइटेड किंगडम के अलावा दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील, बांग्लादेश, बोत्सवाना, चीन, मॉरीशस, न्यूजीलैंड, जिंबावे, सिंगापुर, हांगकांग और इजराइल**



प्रखर डेस्क। राज्य सरकार ने कोविड–19 के नए वेरिएंट बी. 1.1.529 (ओमिक्रोन) को लेकर प्रदेश में सतर्कता बढ़ा दी है। अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों को लेकर सभी जिलों को आदेश जारी कर जरूरी तैयारियों करने के निर्देश दिए गए हैं। केंद्र द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का प्रदेश में भी अनुपालन सुनिश्चित कराने को कहा गया है। इसके अलावा राज्य के सभी एयरपोर्ट वाले जिलों में एक कोविड अस्पताल को अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों के आइसोलेशन फैसिलिटी के लिए रखा जाएगा। कोविड के नए वेरिएंट को लेकर शुक्रवार को केंद्र से प्राप्त नए दिशा–निर्देशों के क्रम में राज्य सरकार ने सोमवार को भी सभी जिलों को आदेश जारी किया है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद ने सोमवार को देर शाम सभी मंडलायुक्त, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के मंडलीय अपर निदेशक, सभी डीएम और सीएमओ को भेजे पत्र में जोखिम की श्रेणी में शामिल देशों को लेकर खास चौकसी के निर्देश दिए हैं। इन देशों से आने वाले यात्री के कोविड पॉजिटिव पाए जाने पर उन्हें आइसोलेट करने की अलग व्यवस्था की जाएगी। तय प्रोटोकॉल के अनुसार उनका उपचार और कांटेक्ट ट्रेसिंग की जाएगी। एयरपोर्ट वाले जिलों में एक कोविड अस्पताल को खासतौर से इन अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों के आइसोलेशन सेंटर के रूप में तैयार किया जाएगा। ऐसे शहरों में लखनऊ, वाराणसी, आगरा, कानपुर, गोरखपुर, कुशीनगर, प्रयागराज और बरेली प्रमुख हैं। अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों की सूचियां जिलों में सीएमओ स्तर पर इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटरों को उपलब्ध कराई जाएंगी। इन सेंटरों द्वारा सभी अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों को भारत में आगमन के सातवें दिन तक प्रतिदिन कॉल कर उनके स्वास्थ्य तथा कोविड के लक्षणों की स्थिति के विषय में जानकारी प्राप्त कर सूचीबद्ध किया जाएगा। किसी विदेश यात्री या उनके परिवार के सदस्यों में कोविड रोग के लक्षणों के बारे में जानकारी मिलने पर सीएमओ द्वारा तत्काल आरटीपीसीआर जांच के लिए सैंपल एकत्र कर प्रयोगशाला को भेजा जाएगा। इन निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने को कहा गया है। जोखिम श्रेणी वाले देश में यूरोपीय देशों में यूनाइटेड किंगडम के अलावा दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील, बांग्लादेश, बोत्सवाना, चीन, मॉरीशस, न्यूजीलैंड, जिंबावे, सिंगापुर, हांगकांग और इजराइल।

## राज्यसभा से 12 सांसद हुए निलंबित, नेताओं ने कहा यह अलोकतांत्रिक



प्रखर नई दिल्ली। संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान प्रदर्शन करने, अशांत और हिंसक व्यवहार के लिए अलग–अलग दलों के 12 राज्यसभा सांसदों को सोमवार को शेष सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया है। इसमें कांग्रेस के 6, टीएमसी और शिवसेना के दो–दो और सीपीएम और सीपीआई के एक–एक सांसद शामिल हैं। इधर निलंबन के बाद शिवसेना से राज्यसभा सदस्य प्रियंका चतुर्वेदी ने उच्च सदन में लिए गए निर्णय पर हमला बोल दिया। चतुर्वेदी ने इसे ष्बेहद अलोकतांत्रिकष बताते हुए कहा कि उन्हें इस फैसले के बारे में सूचित नहीं किया गया था और सरकार पर ष्उनके खिलाफ बोलने वालों की आवाज को चुप करानेष की कोशिश करने का आरोप लगाया। इसके अलावा, उसने कहा, वह अपने निलंबन के खिलाफ राज्यसभा के सभापति से बात करेगी और दावा किया कि ऐसी घटना ष्संसदीय लोकतंत्र में अनसुनीष है। प्रियंका चतुर्वेदी ने गुस्से में कहा– ष्वे किस नियम के बारे में बात कर रहे हैं? क्या हम नियमों से अवगत नहीं हैं? एक आधिकारिक नोटिस के अनुसार, 12 विपक्षी सांसदों को ष्अभूतपूर्व कृत्यों के माध्यम से सदन के कामकाज में बाधा डालनेष के लिए निलंबित कर दिया गया था। निलंबन नोटिस में कहा गया है, ष्यह सदन संज्ञान लेता है और अध्यक्ष के अधिकार की पूर्ण अवहेलना की कड़ी निंदा करता है, सदन के नियमों का पूरी तरह से लगातार दुरुपयोग करता है जिससे सदन के कामकाज में उनके अभूतपूर्व कदाचार, अवमानना, अनियंत्रित और जानबूझकर बाधित होता है। राज्य सभा (मानसून सत्र) के 254वें सत्र (मानसून सत्र) के अंतिम दिन यानी 11 अगस्त को सुरक्षा कर्मियों पर हिंसक व्यवहार और जानबूझकर हमले, जिससे निम्नलिखित सदस्यों द्वारा सम्मानित सदन की गरिमा को कम किया जा सके और अपमान किया जा सके और उपरोक्त अनिवार्य कारणों से संकल्प लिया जा सके। राज्यसभा में प्रक्रिया और कार्य संचालन नियमों के नियम 256 के तहत इन सदस्यों को 255 वें सत्र के शेष के लिए सदन की सेवा से निलंबित किया जा रहा है। निलंबित सांसदों में कांग्रेस से फूलो देवी नेताम, छाया वर्मा, रिपुन बोरा, राजमणि पटेल, सैयद नासिर हुसैन, अखिलेश प्रसाद सिंह, ड६ से डोला सेन और शांता छेत्री, शिवसेना से प्रियंका चतुर्वेदी और अनिल देसाई, ब्ब्ड के एलाराम करीम और ब्ब् के बिनॉय विश्वम शामिल हैं।

## तेज रफ्तार स्कार्पियो ने बाइक सवार को रौंदा, मौत



**गाड़ी समेत ड्राइवर को पुलिस ने लिया हिरासत में**

**तीन युवक एक ही बाइक से बारात से हो रहे थे वापिस**

प्रखार खोतासराय जौनपुर। खोतासराय इलाके के गोरारी बाजार में रविवार की देर रात्रि स्कार्पियो और बाइक की भिड़ंत हो गई।स्कार्पियो वाहन की स्पीड इतनी अधिक थी कि मोटरसाइकल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।बाइक पर तीन लोग सवार थे।घटना स्थल पर एक बाइक सवार की मौत हो गई जबकि दो की हालत नाजुक बताई जा रही है।पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पीएम के लिए भेज दिया।गाड़ी समेत चालक को कस्टडी में ले लिया। बताया जाता है कि सरायख्वाजा थाना इलाके के लपरी गांव में सुल्तानपुर जनपद के ग्राम मुड़िला डीह से रविवार को बारात आई हुई थी,उक्त गांव के सुरेन्द्र बहादुर पुत्र प्रभुदीन,रिंकू केवट व पवन हरिजन एक मोटर साइकिल से बारात में शिरकत किए।देर रात्रि 11 बजे तीनो युवक घर के लिए रवाना हुए जैसे ही गोरारी बाजार में पहुँचे थे तभी शाहगंज की तरफ से तेज रफ्तार स्कार्पियो ने जोर दार टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार सुरेन्द्र बहादुर 32 वर्ष की मौके पर मौत हो गई जबकि दो अन्य साथी गंभीर रूप से घायल हो गए।स्थनीय लोगों की मदद से उन्हें सदर अस्पताल पहुँचाया गया जहाँ उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।पुलिस ने ड्राइवर समेत गाड़ी को हिरासत में ले लिया।एसओ श्रीप्रकाश राय ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा गया है।मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

## तीन दिवसीय प्रशिक्षण के समापन पर विधायक ने बांटा प्रमाण पत्र



प्रख पिंडरा वाराणसी। महात्मा गांधी महात्मा गांधी ग्राम स्वरोजगार के अंतर्गत तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन सोमवार को मकसूदन पट्टी स्थित में नाबार्ड के एफपीओ कार्यालय पर हुआ। कार्यक्रम के तहत गांव में रहने वालों को जेम जेली अचार मुरब्बा स्क्वैश जूस से लेकर अपनी खुद की आटा चक्की मसाला चक्की तेल मिल , बिस्कुट बेकरी लगाने के बारे में जानकारी दी गई। खाद प्रसंस्करण बीएचयू शाखा के प्रभारी डॉ आरके अग्रवाल ने बताया कि इस योजना में 20 लाख तक का उद्योग लगाने वाले को 50 फीसदी की अनुदान का राशि मिलेगी। मुख्य अतिथि विधायक डॉ अवधेश सिंह ने कहाकि सरकार आपके द्वार तक पहुंची है। सिर्फ सिर्फ प्रशिक्षण तक ही सीमित न रहें ।अपना स्वयं का उद्योग स्थापित करें। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस कार्यक्रम के जो भी लाभार्थी अपना उद्योग स्थापित करेंगे। वह खुद उनके यहां जाकर उनको सम्मानित करेंगे और साथ ही उन को स्थापित करने में सहयोग करेगें। विधायक ने एक–एक करके सभी 30 लाभार्थी से संवाद ही स्थापित नही किया बल्कि उद्योग के प्रति उत्सुकता और जागरूकता को भी परखा। चेयरमैन पवन सिंह ने विधायक से अनुरोध किया कि अत्यंत गरीब किसानों को जोड़ने के लिए की कठिनाई आ रही है विधायक ने किया कि मधुमक्खी पालन के लिए छत्ते अपने निधि से खरीद कर वितरित किये जायेंगे। कार्यक्रम में राजकीय फल प्रशिक्षण के प्रधानाचार्य डॉ बी गौतम , एफपीओ के सीईओ रंजीत सिंह , जिला संयोजक सुदेश कुमार, भाजपा महामंत्री जेपी दुबे समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## मिसेज केन्या 2021 की विजेता रूही सिंह ने बढ़ाया भारत का गौरव




प्रखर डेस्क ।भारत की प्रतिभा पुरी दुनिया अपना परचम लहरा रहे हैं। मिसेज केन्या का ताज एक से तीन नम्बर तक भारतीयों का परचम लहराया है। बिहार जहाँ आज भी वहाँ की जनमानस बहुत सारे सुविधा से उपेक्षित हैं। वहीं वहाँ की लड़कियों ने भारत देश का परचम लहराया है। मिसेज केन्या का खिताब जीतने वाली तीनो सुंदरियों रूही सिंह , आरती कनानी और गुड़िया सिंह का कहना है कि, आज हम जो भी है उसमें पति और परिवार का पूरा सहयोग और आशिर्वाद मिला हुआ है जिससे हमने यह मुकाम हासिल किया है। गुड़िया सिंह की दोस्त प्रतिभा ने बात करते हुए बताया कि हर पल हर पति साए की तरह साथ देते है। आगे भी समाज और साहित्य में कुछ करने की महत्वाकांक्षा है। तीनों सुन्दरियों ने आपने चाहने वालों और परिवार को शुभकामनाएं दिया है और सहयोग और समर्थन के लिए धन्यवाद दिया है।

## मेनहोल मे काम करने गया युवक फंसा एनडीआरएफ की टीम ने किया युवक को निकालने का असफल प्रयास



प्रखार पूर्वान्चल वाराणसी। लहुराबीर स्थित एक मैनहोल में काम करने के दौरान सोमवार दोपहर एक युवक उसमें जा समाया उसके साथियों ने उसे बचाने के लिए नीचे रस्सी फेंकी लेकिन वह छूट गई और युवक का पता नहीं चला। मौके पर अग्निशमन विभाग के साथी व एनडीआरएफ की 11 वीं बटालियन के टीम ने युवक को निकालने का प्रयास किया लेकिन नाकामयाबी मिली। उसके बाद उसके मजदूर साथी को भेजा गया लेकिन वो भी खाली हाथ वापस आया। मैनहोल में गिरने वाले व्यक्ति का नाम नवाब बताया जा रहा है। जिसकी उम्र 20 साल है। युवक के मैनहोल में गिरने का मामला सार्वजनिक होते ही घटनास्थल पर तमाशबीनों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। वाराणसी में रहने वाला नवाब मूलतः पश्चिम बंगाल का मूल निवासी है। फायर ब्रिगेड के जवान ने मैनहोल में घुसकर नवाब को खोजने की कोशिश की लेकिन नाकामयाब रहे फिलहाल नवाब के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

## बलिया डीएम–एसपी का चला हंटर, बीट सिपाही और डायल–112 का मुख्य आरक्षी सस्पेंड महिला समेत तीन पर मुकदमा

प्रखर बलिया। जिले के पचखोरा व कचबचिया कला में कच्ची शराब बेचने से सम्बन्धित वीडियो को जिलाधिकारी अदिति सिंह व पुलिस अधीक्षक राजकरण नैय्यर ने गंभीरता से लिया है। तत्काल बीट सिपाही व डायल 112 के मुख्य आरक्षी को निलम्बित करते हुए पूरे प्रकरण की प्रारम्भिक जांच सीओ सदर को सौंप दी गयी है। डीएम–एसपी ने अपनी संयुक्त रिपोर्ट शासन को भेज दी है। इस वीडियो मिलने के बाद तत्काल मौके पर उप जिलाधिकारी सदर, सीओ सिटी व जिला आबकारी अधिकारी की संयुक्त टीम भेजकर प्रकरण की जांच कराई गई। टीम ने वीडियो में दिख रही महिला व अन्य लोगों से पूछताछ कर सच्चाई जानी। इस दौरान वहां गन्ने का रस निकालने वाला कोल्हू व गुड़ बनाने का कड़ाहा मिला। वहीं बगल के एक कमरे में द्रव्य पदार्थ तैयार किया जाता है। वहां से बरामद सैम्पल के आधार पर सुखपुरा थाने में आबकारी अधिनियम के साथ भारतीय दण्ड विधान के अन्तर्गत राजकुमारी पत्नी रामजी यादव, लल्लन यादव व विश्वनाथ राजभर पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में किया कांबिंग



प्रखर अहरौरा मिर्जापुर। अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन महेश कुमार अत्री ने सोमवार को स्थानीय थाना क्षेत्र के नक्सल प्रभावित पहाड़ी क्षेत्रों में कमिंग किया । थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि अपर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में फुलवरिया , छातो ,हिनौता इत्यादि गांवो के पहाड़ी क्षेत्रों में कांबिंग कर ग्रामीणों से नक्सल गतिविधियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई और ग्रामीणों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया गया । थानाध्यक्ष ने बताया कि विधानसभा चुनाव के देखते हुए नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है और कड़ी निगाह रखी जा रही है ।

# राजभवन में प्रवासी काव्य-संग्रह नया बसेरा और अज्ञात चितवन का हुआ लोकार्पण



प्रखर लखनऊ । सोमवार 29 नवंबर 2021 को उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के हाथों प्रवासी रचनाकारों के काव्य–संग्रह ष्नया बसेराष तथा कवि पीयूष शुक्ल संयुक्त आयुक्त, जी.एस.टी., कानपुर के मौलिक काव्य–संग्रह ष्अज्ञात चितवनष का लोकार्पण राजभवन, लखनऊ में किया गया। हिंदी अकादमी, मुंबई के अध्यक्ष डॉ. प्रमोद पांडेय द्वारा संपादित ष्नया बसेराष काव्य–संग्रह में कुल 20 प्रवासी रचनाकारों की रचनाएँ शामिल हैं। इस काव्य–संग्रह की भूमिका डॉ. शशांक विक्रम (भारत के प्रधान कौसुल, बर्मिंघम– ब्रिटेन) ने लिखी है। यह काव्य–संग्रह अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि पहली बार 20 प्रवासी रचनाकारों का संग्रह एक साथ प्रकाशित हुआ है।

इसी क्रम में शकिताब महलश द्वारा प्रकाशित श्री पीयूष शुक्ल, संयुक्त आयुक्त, जी.एस.टी. कानपुर के मौलिक काव्य–संग्रह ष्अज्ञात चितवनष का लोकार्पण भी माननीय राज्यपाल जी के कर–कमलों द्वारा संपन्न हुआ। इस काव्य–संग्रह में अन्वेषण, अभिव्यंजन, अनुमोदन, अवखण्डन, अवक्षेपण और अवतर्पण नामक कुल छः अध्याय हैं। इसकी भूमिका पूर्व राज्यपाल केशरीनाथ त्रिपाठी ने लिखी है। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने दोनों पुस्तकों के लोकार्पण के पश्चात कवि श्री पीयूष शुक्ल तथा संपादक डॉ. प्रमोद पांडेय के इस कार्य की सराहना करते हुए अपनी शुभकामनाएं प्रदान की। इस अवसर पर अजय दीक्षित (मुख्य आयुक्त– सीमा शुल्क, लखनऊ), पीयूष शुक्ल (संयुक्त आयुक्त– जीएसटी, कानपुर), डॉ. प्रमोद पाण्डेय (संपादक तथा अध्यक्ष– हिंदी अकादमी, मुंबई), आलोक चौबे (उपाध्यक्षा– हिंदी अकादमी, मुंबई) तथा जितेंद्र तिवारी उपस्थित थे।

# बुंदेलखंड का गौरव, हीरों की चमक और विकास का संघर्ष

पुरातन काल से समृद्ध और परिपूर्ण बुंदेलखंड अपने विकास के लिए फिर से संघर्ष कर रहा है। और इस दफा विकास के मंच पर है बुंदेलखंड की रत्नगर्भा वसुंधरा जो कि सदियों से अपने अंदर एक से एक नायाब हीरों को सँजोती आई है। फिर चाहे वो शूरवीर महाराजा छत्रसाल हों या दैदीप्यमान मनीषी ऋषि विश्वामित्र। चर्चा है मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले में स्थित बक्सवाहा तहसील में मिले हीरों के भंडार की। जैसा कि हीरा अपने नाम से चिर–परिचित है, जिन्होंने निकाले जाने के पहले ही अपनी चमक ऐसी फैलाई है कि इसके तेज ने वाद–विवाद का एक नया संग्राम खड़ा कर दिया है। एक तरफ इन्हें निकालने के लिए 2.15 लाख पेड़ काटे जाने का विरोध और वन संपदा की दुहाई, वहीं दूसरी ओर दशकों से विकास और सुविधाओं की राह देखता बक्सवाहा और छतरपुर जिला। इस रस्साकसी के बीच दोनों पक्ष मजबूती से अपनी बात लेकर लामबंद हैं। अतीत के पन्नों पर अगर नजर दौड़ाएं तो हमें मालूम चलता है कि बुंदेलखंड तपस्वियों और वीरों की भूमि रही है,जो समय आने पर अपने अधिकार के लिए प्राणोत्सर्ग करने तक से किंचित भयभीत नहीं हुए। अपने गौरव, सम्मान, संपदा, संस्कृति और अधिकारों के लिए संघर्ष करने में श्लेष मात्र भी संशय नहीं किया। ऋषि विश्वामित्र, द्वैपायन व्यास, ऋषि वाल्मीकि, गोस्वामी तुलसीदास, आचार्य केशवदास, ईसुरी, ऋषि अगस्त्य, महाराजा छत्रसाल, वीरांगना लक्ष्मी बाई, वीरवर लाला हरदौल, राजा गंड, मदनपाल, वीर सिंह जूदेव, झलकारी बाई और आचार्य चाणक्य इत्यादि की रचनाओं और शौर्य से यह भूमि तपोभूमि और वीरभूमि मे परिपूर्ण हुई है। और बुंदेलखंड की जनमानस नें इन्हें अपना गौरव मानकर अपने शीश से लगाकर रखा है। इन रत्नों के साथ पन्ना जिले के बाद छतरपुर जिले की बक्सवाहा तहसील में असली हीरों की खोज हुई है। मध्यप्रदेश सरकार ने इन्हें निकालने और इनसे भविष्य के विकास का पथ गढ़ने के लिए तैयारी की है। प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस साल मार्च के महीने में खजुराहो में केंद्र सरकार के द्वारा हुए एक कार्यक्रम में अपने उद्बोधन की शुरुआत अजेय महाराजा छत्रसाल के लिए लिखी गई पंक्तियों से करते हुए कहा किपुनः एक बार रत्नगर्भा बुंदेलखंड की धरा अपने रत्नों की पहचान और उससे जुड़े गौरव के लिए संघर्ष कर रही है। बक्सवाहा तहसील में मिले असली हीरों के लिए बुन्देली मानस एक बार फिर उठ खड़ा हुआ है। प्राकृतिक संपदा हमेशा से मानव जीवन को सरल, और सुगम बनाने के लिए अपना योगदान देती आई है। विषय विशेषज्ञों की मानें तो बक्सवाहा की यह रत्न संपदा समूचे छतरपुर और मध्यप्रदेश की तस्वीर बदल सकती है। विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर स्थानीय नागरिकों द्वारा अपने हक की आवाज बुलंद की जा रही है, इस मांग के साथ कि बाहरियों को बाहर का रास्ता दिखाया जाए। कुछ दिनों पहले बक्सवाहा के निमानी गाँव के पूर्व सरपंच ने एक वीडियो जो कि सोशल मीडिया पर उपलब्ध है पर व्यथा बताते हुए कहा कि दशकों से संघर्ष के बावजूद वो उन सुविधाओं के मोहताज हैं जो उनका अधिकार हैं। हीरों की यह खोज पूरे समुदाय और संस्कृति को आमूल–चूल रूप से बदल सकती है पर बाहरी तत्वों ने उनके अधिकारों पर विरोध का बट्टा लगाने की कोशिश की है। दूसरी ओर पर्यावरणविद हीरों को निकालने के लिए 2.15 लाख पेड़ काटने का विरोध कर इसे सर्वनाश करार दे रहे हैं। उनके मुताबिक यह कदम घोर अनुचित होकर पर्यावरण का सौदा है। इसके मुकम्मल– संगोष्ठी, सभाएं, जनजागरण, और अन्य उद्यम इन पर्यावरणविदों द्वारा आयोजित किये जा रहे हैं।

# ठीक नहीं ये बात !

**कृष्णेन्द्र राय**



नाम कमाना चाहते ।
करके यदि विवाद ।।
ठीक नहीं ये बात ।
होगा रखना याद ।।
भावनाएं आहत ।
ठीक नहीं भड़काना ।।
पड़ जाता है महंगा ।
कीमत जब चुकाना ।।
होने को मशहूर ।
राह सही अपनाएं ।।
करें ऐसा काम ।
साथ सारे आएं ।।
बिना किसी चिंगारी के ।
ना लगती है आग ।।
समय अभी है शेष ।
जाएं अब तो जाग ।।

# चोरो ने घर मे रखे नगदी सहित हजारो के माल पर किये हाथ साफ



**लगातार हो रही चोरियो से मचा हड़कंप,अबतक पुलिस चोरो को पकड़ने में रही असफल**

प्रखर केराकत जौनपुर। केराकत थाना के सरकी चौकी अंतर्गत पनिहर छावनी गॉव मे विति रात चोरों ने हजारो के माल पर हाथ साफ कर चम्पत हो गए ! बता दे कि राजदेव वर्मा उर्फ झगडू पुत्र बासु वर्मा अपने परिवार के साथ खाना खा कर सो गए आधी रात बीत जाने के बाद चोरो ने दीवाल के सहारे होते हुए घर के आंगन में लगी सीढ़ियों से घर के अंदर घुसकर घर मे रखे दो पेटियों को लेकर घर से तकरीबन दो सौ मीटर दूर खेत मे रखकर पेटी में रखे पच्चीस हजार नगदी सहित पांच थान (दो पैजनी व तीन सोने के)जेवर लेकर भागने में कामयाब रहे !सुबह जब नींद खुली तो दरवाजा खुला देख परिजनों को चोरी होने का संदेह हुआ !आनन फानन में परिजन जब घर मे अंदर जाकर देखे तो घर रखे दो पेटियां गायब मिली चोरी की सूचना पूरे गॉव में आग की तरह फैल गयी पीड़ित ने 112 नम्बर पर फोन कर पुलिस को सूचना दी!चोरी की खबर पर पहुँची पुलिस मौके का मुआयना कर जांच में जुट गई लगातार हो रही चोरियो से ग्रामवासी भय के माहौल में जीने को मजबूर हैं लगातार हो रही चोरियों से चोरो के हौसले बुलंद हैं वही अब तक चोरो को पकड़ने पुलिस असफल रही हैं!

# त्याग एवं बलिदान की धरा है मेरठ – ए. के. शर्मा



प्रखर डेस्क। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष, पूर्व आईएएस अधिकारी एवं विधान परिषद सदस्य ए. के. शर्मा इन दिनों पश्चिमी उत्तर प्रदेश के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। भारतीय जनता पार्टी को और मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से ए. के. शर्मा सोमवार को मेरठ में रहे।


इस दौरान दर्जनों स्थानों पर उनका भव्य स्वागत एवं अभिनन्दन हुआ। हजारों लोगों की मौजूदगी एवं सैकड़ों गाड़ियों का काफिला ए. के. शर्मा के प्रति स्थानीय नागरिकों का स्नेह एवं अपनापन बयां कर रहा था। सर्वप्रथम ए. के. शर्मा स्वामी विवेकानंद सुभारती यूनिवर्सिटी, मेरठ में शहीद कोतवाल धनसिंह गुर्जर श्रद्धांजलि सभा एवं जनसंवाद में सम्मिलित हुए। जहां उन्होंने शहीद कोतवाल धनसिंह गुर्जर जी को श्रद्धांजलि अर्पित की एवं शहीद कोतवाल धनसिंह गुर्जर जी के त्याग एवं राष्ट्र के लिए सर्वोच्च बलिदान को प्रेरणादायक बताया। ए. के. शर्मा ने कहा कि मेरठ, हस्तिनापुर परिवर्तन एवं न्याय की भूमि रही है। शहीद कोतवाल धन सिंह गुर्जर जी को नमन करता हूँ। बलिदानियों की इस धरा पर आना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। गुर्जर समाज का इतिहास वीरों एवं बलिदानियों का है, जब–जब देश के लिए त्याग करने की बात हुई है गुर्जर समाज अग्रणी पंक्ति में रहा है। कोतवाल धन सिंह गुर्जर और मंगल पाण्डेय जैसे वीर शहीदों ने जो हिम्मत दी वह एक बड़ी वजह रही हमारे देश की आजादी कि लड़ाई लड़ने की। हमें अपने हुनर को और निखारते हुए, अपने उद्योगों एवं कृषि की रक्षा करते हुए कार्य करना होता तभी हम पुनः विश्व समुदाय के समक्ष और मजबूत होकर खड़े हो सकेंगे। शहीद कोतवाल धन सिंह गुर्जर जी जैसे वीर सपूतों के बलिदान से हमें प्रेरणा लेते हुए देश के विकास के लिए अपने कार्य को समुचित ढंग से करना होगा, यही सच्चे मायने में आजादी के बलिदानियों को श्रद्धांजलि होगी। उसके बाद ष्एक जिला एक उत्पादष को प्रोत्साहन देने के लिए उद्योग पुरम, दिल्ली रोड, मेरठ में गये। जहां उन्होंने टेक्सटाइल उद्योग से जुड़ी हुई बारीकियों को जाना। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ में युवा संवाद कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। जहां उन्होंने युवाओं से परम्परागत शिक्षा के साथ–साथ प्राविधिक शिक्षा ग्रहण करने की अपील की। शाम को भाजपा महानगर कार्यालय मेरठ में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं नेताओं से मुलाकात कर संगठनात्मक परिचर्चा की। हमारा यूपी जिन्दाबाद के उद्घोष के साथ ए. के. शर्मा ने अपने व्यक्तव्य का समापन किया। देर शाम ग्रेटर नोएडा के लिए प्रस्थान किया। इस दौरान वह स्थानीय नेताओं एवं कार्यकर्ताओं से मिलते रहे।

# काव्यगोष्ठी एवं परिचर्चा में याद किये गए महात्मा ज्योतिबा फुले



प्रखर कांदिवली, मुम्बई ।महात्मा ज्योतिबा फुले को उनकी पूण्यतिथि के अवसर पर ष्पत्रकारिता मिशन संस्थाष द्वारा संस्था कार्यालय कांदिवली ( पूर्व) में परिचर्चा एवं काव्यगोष्ठी आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार मधुराज मधु ने किया तथा प्रमुख वक्ता के तौर पर वरिष्ठ शिक्षक गंगा प्रसाद तिवारी एवं प्रधानाध्यापक एन एल विद्यालय– मिथिलेश मिश्र तथा जौनपुर से पधारे वरिष्ठ कांग्रेसी नेता व समाज सेवक सुरेन्द्र त्रिपाठी उपस्थित रहे । जहाँ वरिष्ठ शिक्षक श्री गंगा प्रसाद तिवारी ने शिक्षा , साहित्य एवं समाज सुधार को लेकर महात्मा के कृतित्व का उल्लेख करते हुये शिक्षा के साथ संस्कार का होना आवश्यक बताया वहीं कार्यक्रम अध्यक्ष श्री मधुराज मधु ने महात्मा के महत्व को रेखांकित करते हुये ऐसे आयोजन हेतु आयोजकों की भूरि– भूरि प्रशंसा की । वरिष्ठ कवि राम सिंह, जवाहर लाल निर्झर, रवि यादव,जाकिर हुसैन रहबर एवं राकेशमणि तिवारी द्वारा कविता के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की गई । कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कवि एवं संस्था उपाध्यक्ष राम सिंह द्वारा किया गया और अंत में संस्था अध्यक्ष राकेश मणि तिवारी ने कार्यक्रम मे उपस्थित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए अपने वक्तव्य से महात्मा ज्योतिबा फुले के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को रेखांकित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये कहा कि , व्यक्ति जब समाज के हित हेतु किसी व्यवधान के सामने झुके,और रुके बगैर सबकुछ न्यौछावर करने को उद्यत रहता है तो वह महात्मा ज्योतिबा फुले बन जाता है परन्तु यदि वह सनातन को समर्पित होकर समाज के उत्थान को अग्रसर होता है तो वह मनुष्य से ही भगवान विरसा मुंडा भी बन जाता है । सहयोगी के तौर पर संस्था के सचिव विनयप्रकाश दुबे , कोषाध्यक्ष अनुराग मिश्र, पत्रकार दिनेश वर्मा , अखिलेश पाण्डेय एवम् शिवम तिवारी का विशेष सहयोग उल्लेखनीय रहा ।

# संवैधानिक दायरे में सियासी लाभ– ए. सूर्यप्रकाश



मोदी सरकार ने मेडिकल एवं डेंटल पाठ्यक्रमों में आरक्षण को लेकर हाल में एक महत्वपूर्ण पहल की। इसके अंतर्गत अन्य पिछड़ा वर्ग यानी ओबीसी और आर्थिक रूप से पिछड़े तबकों यानी ईडब्ल्यूएस के लिए इनमें अखिल भारतीय स्तर पर आरक्षण का विस्तार किया जाएगा। यह भाजपा जैसी एक राष्ट्रीय पार्टी द्वारा उठाया गया चतुराई भरा कदम है। इसके माध्यम से उसने अपने मूल मतदाताओं को खुश रखते हुए तमाम क्षेत्रीय दलों के जातिगत समर्थन में सेंध लगाने का प्रयास किया है। भारतीय संविधान के पहले संशोधन में अनुच्छेद 15 में धारा चार जोड़ी गई। इसके अनुसार राज्य को अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति या सामाजिक एवं शैक्षणिक रूप से पिछड़े अन्य वर्गों के उत्थान के लिए विशेष प्रविधान करने का अधिकार प्रदान किया गया है। यह राज्य द्वारा की गई आरंभिक स्वीकारोक्ति थी कि ऐसे नागरिकों के संरक्षण के लिए आरक्षण या ऐसी अन्य नीतियां आवश्यक थीं। ओबीसी को लेकर आजादी के बाद से ही सुगबुगाहट जारी रही है। इस मसले की पड़ताल के लिए कई आयोग और समितियां गठित की गईं। इनमें काका कालेलकर आयोग प्रमुख था। कालेलकर आयोग ने 1953 में अपनी रिपोर्ट सौंपी। राज्यों में भी दर्जनों आयोग सक्रिय रहे। सरकार ने कालेलकर आयोग की रपट पर कोई कार्रवाई नहीं की, क्योंकि उसमें उसे गंभीर विरोधाभास महसूस हुए। इसके बाद कर्नाटक के मुख्यमंत्री देवराज अर्स ने राज्य में ओबीसी को लेकर हैवनूर आयोग गठित कर उसकी रपट के क्रियान्वयन की दिशा में कदम बढ़ाए। 1978 में बिहार के मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर ने अपने राज्य में ओबीसी के लिए नौकरियों में आरक्षण की व्यवस्था का एलान किया। वह ओबीसी के उप–वर्गीकरण के भी धुर समर्थक थे। इसके बाद मंडल आयोग की वजह से यह मुद्दा राष्ट्रीय स्तर पर मुखरित हुआ। मंडल आयोग का गठन 1979 में जनता पार्टी सरकार ने किया था। आयोग ने दिसंबर 1980 में अपनी रिपोर्ट दी। उसका उद्देश्य सामाजिक एवं शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों की पड़ताल और उनके सुधार के उपाय सुझाना था। मंडल आयोग ने आर्थिक पिछड़ेपन का संज्ञान नहीं लिया। आयोग की दृष्टि में देश की 52 प्रतिशत आबादी ओबीसी के दायरे में आती है, लिहाजा उसके अनुसार सभी नौकरियों में उनका 52 प्रतिशत आरक्षण का अधिकार बनता था। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा निर्धारित कर दी। ऐसे में आयोग ने ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत कोटे की सिफारिश की। मंडल आयोग ने कहा कि अनुच्छेद 14 विधि के समक्ष समता की गारंटी देता है, लेकिन समता का सिद्धांत एक दोधारी तलवार है। यह जीवन की दौड़ में सशक्त और अशक्त को एक ही पायदान पर रखता है। चूंकि आयोग का उद्देश्य सामाजिक एवं शैक्षणिक पिछड़ेपन की पड़ताल करना था, इसलिए आर्थिक पिछड़ेपन को चिन्हित करना उसके एजेंडे में नहीं था। उसने स्पष्ट रूप से कहा कि शकिसी समाज की मानवीयता के स्तर का निर्धारण इसी से होता है कि वह अपने कमजोर, अशक्त और साधनहीन सदस्यों को किस प्रकार संरक्षण प्रदान करता है। यद्यपि जाति अभी भी पिछड़ेपन को निर्धारित करने वाला एक प्रमुख कारक है, लेकिन समय के साथ उन गरीब वर्गों के स्वर भी मुखर हुए हैं, जो सामाजिक ढांचे में ओबीसी से ऊंचे स्तर पर माने जाते हैं। उनका कहना है कि ओबीसी, एससी और एसटी के लिए विशेष प्रविधानों ने उनके लिए कोई खास गुंजाइश नहीं छोड़ी है। राज्य ने उन्हें तथाकथित अगड़ी जातियों में आंका और इसी आधार पर उन्हें विशेष संरक्षण का पात्र नहीं माना, लेकिन उनकी दयनीय आर्थिक दशा ने स्वतंत्र भारत में उभरे नए सामाजिक एवं आर्थिक

# 12वीं मिनी व 14 वीं जूनियर राज्यस्तरीय रोल बाल प्रतियोगिता में प्रतिभाग हेतु बालक – बालिका वर्ग की टीमों का हुआ चयन



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। उत्तर प्रदेश रोल बाल खेल संघ के तत्वाधान में आयोजित होने वाली 12वीं मिनी एवम् 14 वीं जूनियर राज्यस्तरीय रोल बाल प्रतियोगिता में प्रतिभाग हेतु वाराणसी जनपद की बालक एवम् बालिका वर्ग की टीमों का चयन डीएलडब्लू इंटर कॉलेज में किया गया द्यवाराणसी रॉलबाल संघ की सचिव सुनीता गुप्ता ने बताया कि इस चयन प्रक्रिया में सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल बनारस, ग्लेनहिल पब्लिक स्कूल, सनबीम स्कूल, केंद्रीय विद्यालय, सेंट जॉन, संत अतुलानंद रेजिडेंशियल अकैडमी, डीएलडब्लू इंटर कॉलेज, अन्य विद्यालयों से 70 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री अनुराग कुमार गिरी, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठय विशिष्ठ अतिथि श्रीमती मृदुला, अग्रसेन पीजी कॉलेज, श्री पवन श्रीवास्तव डीएलडब्लू एवं श्री आलोक कुमार, सचिव डीएलडब्ल्यू संस्थान आदि ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। चयन प्रक्रिया में शालिनी, संजना, जानवी, एम भावना और वर्षा गिरी ने ऑफिसियल की भूमिका निभाई॰ सचिव सुनीता गुप्ता ने बताया कि शीघ्र ही चयनित खिलाड़ियों की सूची जारी की जाएगी और उनका परीक्षण शिविर डीएलडब्लू इंटर कॉलेज में लगाया जाएगा।

## लहरतारा सनबीम स्कूल के गेट पर ताला लगाकर धरना देते समाजसेवी शत्रुघ्न सिंह सन्नी





प्रखर दानगंज वाराणसी। लहरतारा स्थित सनबीम स्कूल में अबोध छात्रा के साथ हुए दुष्कर्म मामले को लेकर कल शाम समाजसेवी व भाजपा नेता शत्रुघ्न सिंह सन्नी ने अपने साथियों के साथ लहरतारा पहुंचे। और स्कूल के मेन गेट पर ताला लगाकर वहीं धरने पर बैठ गए।सन्नी ने जिला प्रशासन से मांग की की स्कूल प्रबंधक को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर गिरफ्तार करने के साथ ही विद्यालय की मान्यता समाप्त की जाए।धरने पर बैठने कि सूचना जैसे ही सोशल मीडिया पर वायरल हुई देखते ही देखते लोगों का हुजूम वहां पर उमड़ पड़ा।इस दौरान पूर्वांचल राज्य की प्रेरणा वंदना रघुवंशी सपा कार्यकर्ता ऐश्वर्या श्रीवास्तव व उदय प्रताप कालेज के छात्रनेता व समाजसेवी विवेकानन्द सिंह सहित अनेकों समाजसेवी पहुंच गए।और शांतिपूर्वक धरना देने लगे। पुलिस कमिश्नर द्वारा एसआईटी की गठन कर जांच कराए जाने की सूचना पर धरना दे रहे लोगों ने 3 दिन में विद्यालय प्रबंधक पर कार्यवाही के किए जाने की बात पर सहमत हो गए।और धारना स्थागित कर दीया।शत्रुघ्न सिंह सन्नी ने बताया कि अगर 3 दिनों के अंदर कार्यवाही नहीं हुई तो हम लोग आगे इससे बड़ा धरना देनेव बच्ची को न्याय दिलाने का काम करेंगे।

# राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ब्लॉक इकाई की बैठक बीआरसी पर हुई सम्पन्न



प्रखार सेमरियावां संतकबीरनगर। सोमवार को ब्लॉक संसाधन केन्द्र सेमरियावां पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ब्लॉक इकाई की मासिक बैठक ब्लॉक अध्यक्ष डॉ.आशीष कुमार गौतम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों का एरियर भुगतान, पदोन्नति, कन्वर्जन कास्ट, डीए बकाया, बोनस, रसोईया मानदेय विसंगति आदि बिन्दुओ पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। बैठक में राम भारत, राकेश कुमार, दिलीप कुमार, राजेश मिश्रा, साजिदा खातून, अंजली पांडेय, अंकुश चौधरी, अरुण कुमार, विकास आनंद, प्रमोद कुमार, प्रदीप कुमार, महिपाल, जगदम्बा मिश्रा, सुनील कुमार, गुलाब शर्मा, संदीप कुमार आदि लोग मौजूद थे।

# पीहू म्यूजिक से रिलीज हुआ शिल्पी राज का बाजार बड़ी गरम बा गाना




प्रखर दानगंज वाराणसी। भोजपुरी की जानी मानी सबके दिलों पर राज करने वाली मशहूर गायिका शिल्पी राज ने यूपी बिहार के दिलो मे अपने आवाज के दम पर अलग ही जलवा बना ली है। शिल्पी राज ने बताया की हमे आगे बढ़ाने में गीतकार व संगीतकार विजय चौहान जी का बहुत बड़ा योगदान है।शिल्पी राज ने अभी हाल में ही अनेको गाने को रिलीज किया जो लोगो में अलग धमाल मचा रहा है।शिल्पी राज ने भोजपुरी के सुपरस्टारो के साथ एक से बढ़कर एक गाना दिया है जो 300 से 400 मिलियन तक जा रहा है। उसी में एक गाना बाजार बड़ी गरम बा को रिलीज किया है।।इसको अपने आवाज से सजाया है।अपने आवाज में शिल्पी राज ने अभी हाल में ही एक नही अनेको गाना को रिलीज किया है जो पूरे यूपी में नम्बर एक पर चल रहा है।जो लोगो का अलग ही प्यार और आशीर्वाद मिल रहा है।इस गाने को लिखे है विजय चौहान इस गाने को संगीत दिए है आर्या शर्मा ने और डायरेक्टर राजेश गुप्ता है।परिकल्पना अभय पांडेय ने किया है।मनोज लाल यादव ने इस गाने में सहयोग किया किया है।और यह गाना पीहू म्यूजिक से रिलीज हुआ है।

# सपा जनों ने टीईटी परीक्षा निरस्त किये जाने के खिलाफ पूरे उत्तर प्रदेश में राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौपा



प्रखार वाराणसी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जी ने निर्देश पर युवजनसभा, लोहियावाहिनी , यूथ ब्रिगेड और छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्षों के आहवान पर टीईटी परीक्षा निरस्त किये जाने के खिलाफ पूरे उत्तर प्रदेश में राज्यपाल के नाम ज्ञापन देने के क्रम में वाराणसी में 11.30 बजे कचहरी पहुँचकर समाजवादी फ्रंटलों के जिले व महानगर अध्यक्षों ने राज्यपाल को सम्बोधित 3 सूत्रीय मांग पत्र एसीपी कैंट रत्नेश्वर सिंह को दिया गया।

ज्ञापन में निरस्त टीईटी परीक्षा को पुनः 15 दिनों में कराए जाने। टीईटी परीक्षार्थीयों को परीक्षा स्थल तक आने जाने की निःशुल्क व्यवस्था कराए जाने व सभी परीक्षार्थीयों को 5 हजार रुपये मुआवजा देने की मांग किया गया। युवजनसभा प्रदेश सचिव वरुण सिंह ने बताया युवजनसभा , लोहियावाहिनी , यूथ ब्रिगेड और छात्र सभा के जिला व महानगर अध्यक्षनों ने राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर आज 3 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा है। यह सरकार है वीक इसलिए पेपर हो रहा लीक। अगर त्वरित निर्णय नही लिया गया तो समाजवादियों को आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। जिला मुख्यालय पर हुई सभा मे युवजनसभा जिलाध्यक्ष किशन दीक्षित और महानगर अध्यक्ष सत्यप्रकाश सोनकर सोनू ने कहा यह सरकार छात्रों के हित के साथ खिलवाड़ कर रही है। युथ ब्रिगेड जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव और महानगर अध्यक्ष अब्दुल कलाम ने कहा जब छात्र , नौजवान का अधिकार नही दे सकती यह सरकार तो इस्तीफा दे देना चाहिए। लोहियावाहिनी जिलाध्यक्ष जितेंद्र पटेल और महानगर अध्यक्ष दीपचंद गुप्ता ने कहा आखिर बार बार परीक्षा क्यों टालनी पड़ रही है शिक्षा माफियाओं के सामने लाचार है यह सरकार। छात्र सभा महानगर अध्यक्ष सतीश यादव और प्रदेश सचिव समन यादव ने कहा लाखों छात्रों ने अपने अभाव में रहते हुए टीईटी की तैयारी किया लेकिन सरकार ने उन्हें निराश और हताश किया। सभा व ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से – वरुण सिंह , किशन दिक्षित , सत्यप्रकाश सोनकर सोनू , दीपचंद्र गुप्ता , अखिलेश यादव , अब्दुल कलाम , जितेंद्र पटले , सतीश यादव , समन यादव , ईशान श्रीवास्तव , साहब यादव , प्रवीण सिंह , राहुल यादव , शानू सिन्हा , मनोज यादव गोलू , आलोक यादव , राजा , विमलेश यादव , जीशान अंसारी , रजत श्रीवास्तव मौजूद रहे। सभा का संचालन मनोज यादव गोलू और धन्यवाद ज्ञापन शानू सिन्हा ने किया।

# एआईजीसी, नई दिल्ली ब्राँच का चुनाव संपन्न



प्रखर दिल्ली। ऑल इंडिया गार्ड्स काउंसिल, दिल्ली मंडल (उत्तर रेलवे) नई दिल्ली ब्राँच की कार्यकारिणी का चुनाव आज नई दिल्ली स्टेशन प्लेट फार्म एक पर स्थित प्रतिक्षालय में संपन्न हुआ। ओम प्रकाश शुक्ल (सदस्य, केंद्रीय कार्य समिति) पर्यवेक्षक रहे। यह प्रक्रिया दिल्ली मंडल के सामान्य अध्यक्ष श्री अमर सिंह मीणा की अध्यक्षता में पूर्ण की गई। पूर्व केंद्रीय उपाध्यक्ष एवम दिल्ली मंडल के पूर्व सचिव श्री वी. पी. श्रीवास्तव जी को सभा द्वारा चुनाव अधिकारी मनोनीत किया गया जिनकी उपस्थिति में समस्त प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हुई। सर्व श्री प्रेम प्रकाश शुक्ला, ब्राँच अध्यक्ष, अमर सिंह मीणा, ब्राँच सचिव एवम राम आनंद, ब्राँच कोषाध्यक्ष के लिए चयनित हुए। सर्वश्री खेम चंद एवम विक्रम कुमार, ब्राँच उपाध्यक्ष, राकेश गौतम, संगठन सचिव, नवीन शर्मा एवम डी के शुक्ला सहायक सचिव, नरेश राम, पी के राणा एवम शशि कुमार का चयन सहायक कोषाध्यक्ष के लिए किया गया। उपरोक्त प्रक्रिया निर्विरोध संपन्न हुई। चुनाव अधिकारी द्वारा सभा में चयनित कार्यकारिणी की घोषणा की गई। तदुपरांत पर्यवेक्षक द्वारा उपस्थित पदाधिकारियों को निष्ठा एवम इमानदारी से कार्य हेतु शपथ दिलवाई गई। उपस्थित समस्त सदस्यों द्वारा चयनित नई कार्यकारिणी के सदस्यों को शुभकामनाएं दी गईं।

# सपा कार्यकर्ताओं ने टीईटी परीक्षा निरस्त करने के खिलाफ राज्यपाल के नाम तीन सूत्रीय मांग पत्र एसीपी कैंट रत्नेश्वर सिंह को सौंपा



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर युवजनसभा ,लोहियावाहिनी , यूथ ब्रिगेड और छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्षों के आहवान पर टीईटी परीक्षा निरस्त किये जाने के खिलाफ पूरे उत्तर प्रदेश में राज्यपाल के नाम ज्ञापन देने के क्रम में वाराणसी में जिला मुख्यालय स्थित कचहरी पहुँचकर समाजवादी फ्रंटलों के जिले व महानगर अध्यक्षों ने राज्यपाल को सम्बोधित तीन सूत्रीय मांग पत्र एसीपी कैंट रत्नेश्वर सिंह को दिया गया। ज्ञापन में निरस्त टीईटी परीक्षा को पुनः 15 दिनों में कराए जाने टीईटी परीक्षार्थीयों को परीक्षा स्थल तक आने जाने की निःशुल्क व्यवस्था कराए जाने व सभी परीक्षार्थीयों को पांच हजार रुपये मुआवजा देने की मांग किया गया। युवजनसभा प्रदेश सचिव वरुण सिंह ने बताया युवजनसभा , लोहियावाहिनी , यूथ ब्रिगेड और छात्र सभा के जिला व महानगर अध्यक्षनों ने राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर सोमवार को तीन सूत्रीय ज्ञापन सौंपा है। यह सरकार वीक है इसलिए पेपर हो रहा लीक। अगर त्वरित निर्णय नही लिया गया तो समाजवादियों को आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। जिला मुख्यालय पर हुई सभा मे युवजनसभा जिलाध्यक्ष किशन दीक्षित और महानगर अध्यक्ष सत्यप्रकाश सोनकर सोनू ने कहा यह सरकार छात्रों के हित के साथ खिलवाड़ कर रही है। युथ ब्रिगेड जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव और महानगर अध्यक्ष अब्दुल कलाम ने कहा जब छात्र , नौजवान का अधिकार नही दे सकती यह सरकार तो इस्तीफा दे देना चाहिए। लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष जितेंद्र पटेल और महानगर अध्यक्ष दीपचंद गुप्ता ने कहा आखिर बार बार परीक्षा क्यों टालनी पड़ रही है शिक्षा माफियाओं के सामने लाचार है यह सरकार। छात्र सभा महानगर अध्यक्ष सतीश यादव और प्रदेश सचिव समन यादव ने कहा लाखों छात्रों ने अपने अभाव में रहते हुए टीईटी की तैयारी किया लेकिन सरकार ने उन्हें निराश और हताश किया। सभा व ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से – वरुण सिंह , किशन दिक्षित , सत्यप्रकाश सोनकर सोनू , दीपचंद्र गुप्ता , अखिलेश यादव , अब्दुल कलाम , जितेंद्र पटले , सतीश यादव , समन यादव , ईशान श्रीवास्तव , साहब यादव , प्रवीण सिंह , राहुल यादव , शानू सिन्हा , मनोज यादव गोलू , आलोक यादव , राजा , विमलेश यादव , जीशान अंसारी , रजत श्रीवास्तव मौजूद रहे। सभा का संचालन मनोज यादव गोलू और धन्यवाद ज्ञापन शानू सिन्हा ने किया।

# सेवापुरी ब्लाक के प्रधानो ने किया शोक सभा



**जिलाधिकारी वाराणसी पांच लाख का सहायता राशि प्रधान परिवार को जल्द से जल्द दे– राकेश कुमार सिंह**

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। सेवापुरी ब्लाक के समस्त प्रधानो ने किया शोक सभा किये। देइपुर प्रधान सतनारायण राम का आज सुबह चार बजे आकस्मिक निधन हो गया। उसी सापेक्ष में प्रधान संघ सेवापुरी कार्यालय पर शोकसभा रखा गया, जिसमें जिला अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने कहा कि जिला अधिकारी महोदय वाराणसी तत्काल 5 लाख का सहायता राशि प्रधान परिवार को जल्द से जल्द देने का कृपा करें। प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र होने के कारण सांसद निधि से भी 10,00,000 की मांग प्रधान संघ करेगी। मुख्यमंत्री से राहत कोष से 10,00,000 की सहायता राशि कि माग करेगी।


सेवापुरी ब्लाक के अध्यक्ष श्री नितिन कुमार सिंह, काशी विद्यापीठ ब्लाक अध्यक्ष श्वेता राय के प्रतिनिधि महेश सिंह एवं उपस्थित समस्त साथी, ब्लॉक उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार, ब्लॉक उपाध्यक्ष ओम प्रकाश वर्मा, मीडिया प्रभारी संजय यादव, जिला सचिव केशव पटेल, गगन सिंह व ग्राम पंचायत अधिकारी मनोज कुमार, देवचन्द यादव, गुंजन सिंह, राजकुमार भारती, हरिकुंवर सिंह, अखिलेश गुप्ता, प्रधान अमरजीत, विकास, सरोज, मुन्ना सिंह पटेल, रमेश सेठ इत्यादि प्रधान साथि उपस्थित रहे। दो मिनट का शोक सभा किया गया उसके बाद ईश्वर से प्रार्थना किया गया कि उनके परिवार को शक्ति दे। मृतक आत्मा को शांति प्रदान करें।

# माता पिता की पुण्यतिथि पर 500 गरीबों को बाटा कंबल



प्रखर बरईपार जौनपुर। स्थानी मछलीशहर कोतवाली के रामपुर कटा हित (चक इंगलिश)गांव निवासी मुंबई के उद्योगपति राम उजागीर सेठ ने अपने स्वर्गीय माता–पिता छब्बी देवी और खरभान यादव की पांचवी पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में 500 गरीब जरूरतमंदों को कंबल का वितरण किया। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अथिति चित्रकूट के जिला जिला जज आर के चौधरी ने कहा कि गरीबों की सेवा ही दुनिया का।सबसे बड़ा धर्म है हर सक्षम व्यक्ति चाहिए कि गरीब व्यक्ति यथासंभव मदद करें गरीबों की सेवा से बड़ा पुण्य इस धरती पर कुछ भी नहीं है। कार्यक्रम में अध्यक्षता कर रहे समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष पूर्व विधायक लाल बहादुर यादव ने कहा कि समाज के हर वर्ग को अपनी हैसियत के हिसाब से गरीबों की मदद करनी चाहिए। समारोह को युवा सपा नेता राहुल त्रिपाठी ने भी संबोधित किया उन्होंने कहा कि आज समाज में इस बात पर जोर देना चाहिए थी कौन वास्तव में गरीब है जो गरीब है उसकी मदद अवश्य की होनी चाहिए।आज के इस शर्दी के मौशम में गरीबो को जो तन ढकने का काम कर रहे है यह महान पुनीत काम है इसका कोई जबाब नही है।लोगो को ऐसे लोगो से सिख लेने की जरूरत है।इस दौरान आयोजक समाजसेवी उद्योगपति रामू जागीर सेठ ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम माता–पिता की हर पुण्यतिथि पर आयोजित किए जाते रहेंगे उन्होंने आए हुए लोगों का आभार व्यक्त किया और सभी गरीबों को कंबल एवं जलपान करवाया। इस अवसर पर अजय यादव सेठ श्याम यादव मनोज यादव प्रधान उमाशंकर सभा जी सीताराम हरीनाथ पारसनाथ कैलाश राहुल उपाध्याय राजनाथ यादव रामखेलावन रमाशंकर विशाल यादव भरत लाल यादव श्रीराम यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

# टीकाकरण महाअभियान के अंतर्गत छात्रों ने उत्साह पूर्वक लगवाया टीका



प्रखर पराऊगंज जौनपुर। कुटीर पीजी कॉलेज चक्के के प्राथमिक चिकित्सा इकाई एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग के संयुक्त तत्वाधान में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जलालपुर के सौजन्य से आयोजित कोविड टीकाकरण महाअभियान के अंतर्गत महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं तथा क्षेत्रीय जनों ने वैक्सीन की प्रथम एवं द्वितीय डोज का टीकाकरण कराया। इस कार्यक्रम के आयोजन में कोविड–19 डेस्क के छात्र–छात्राओं ने उत्साह पूर्वक सहयोग किया। उक्त अवसर पर 94 छात्रों ने बृहद रूप से उत्साह पूर्वक कोविड–19 संक्रमण का टीकाकरण लगवाया। जिसका शुभारंभ प्राचार्य मेजर डॉ रमेश मणि त्रिपाठी ने किया। छात्रों को संबोधित करते हुए कहां की छात्र निडर होकर टीकाकरण कराएं कोविड–19 महामारी कोरोना वायरस ने एक बार फिर से डराना शुरू कर दिया है। अब इसके नए वैरिएंट ओमीक्रॉन ने चिंता बढ़ा दी है। जिसका एकमात्र विकल्प है कोविड–19 अच्छी तरीके से पालन करें समय पर टीकाकरण जरूर करवाएं। उक्त अवसर पर डॉ हेमंत डॉ अजीत रंजना राय डॉ दिनेश कुमार सिंह रीना,नेहा, डॉ एनपी मिश्र डॉ श्रीनिवास तिवारी कृष्ण कुमार मिश्र संचालन पंकज मिश्र ने किया।

# कुशीनगर में मंडल स्तरीय सामूहिक विवाह समारोह में सम्मिलित हुए मुख्यमंत्री’



प्रखर पूर्वांचल कुशीनगर ।उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित कन्या विवाह सहायता योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन जनपद कुशीनगर के बुद्धा पार्क रवींद्र नगर धूस पडरौना में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री जी के द्वारा वर वधू को आशीर्वाद देते हुये लोगो को संबोधित करते हुये कन्यादान को महादान बताते कहा कि सामूहिक विवाह योजना एक सामाजिक क्रांति, आंदोलन व अभियान है। ऐसे आयोजनों से बाल विवाह और दहेज जैसी कुप्रथाओं पर अंकुश लगता है। यही नहीं इससे षांव की बेटी सबकी बेटीष् का भाव भी जुड़ता है। यहां अपना–पराया का भाव समाप्त दिख रहा है। सबका साथ, सबका विकास,सबका विश्वास और सबका प्रयास का भाव नजर आ रहा है। उन्होनें कहा कि बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने जो संविधान दिया उसमें सभी के लिए समान अधिकार की बात है। केंद्र और प्रदेश सरकार उसी समान अधिकार के तहत योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा रही हैं।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि श्रमिक ही राष्ट्र का निर्माता है। उसके पुरुषार्थ में राष्ट्र की नींव है। नींव जितनी मजबूत होगी,देश उतना ही मजबूत होगा। उन्होंने बताया कि सरकार श्रमिकों दो लाख रुपये सामाजिक सुरक्षा की गारंटी दे रही है। श्रमिकों को पांच लाख रुपये स्वास्थ्य बीमा का कवर दिया जा रहा है। साथ ही उनके बच्चों की शिक्षा के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त अटल आवासीय विद्यालयों की स्थापना की जा रही है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं के बारे मे जानकारी देते हुये कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत मकान बनाए गए हैं। हर घर शौचालय बनाए गए, निशुल्क बिजली व रसोई गैस के कनेक्शन दिए गए हैं। आयुष्मान योजना व मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत पांच लाख रुपये तक इलाज की मुफ्त सुविधा मिल रही है। केंद्र व प्रदेश सरकार सभी कल्याणकारी योजनाओं को व्यवस्थित रूप से आगे बढ़ा रही हैं। मुख्यमंत्री जी ने बताया कि प्रदेश में 43 लाख गरीबों के आवास बनाए गए हैं। 2.61 करोड़ के व्यक्तिगत शौचालय बनवाए गए हैं। 1. 40 करोड़ गरीबों को निशुल्क बिजली कनेक्शन, 1.56 करोड़ को निशुल्क रसोई गैस कनेक्शन, 90 लाख को निराश्रित महिला,दिव्यांगजन पेंशन योजनाओं का लाभ मिला है। 2.54करोड़ किसान पीएम किसान सम्मान निधि से लाभान्वित हुए हैं। मुख्यमंत्री जी ने कहा है कि दुनिया के कई देशों में कोरोना संक्रमण फिर तेजी से बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में देश और प्रदेश ने कोरोना पर सफल नियंत्रण पा लिया है, फिर भी दुनिया मे संक्रमण के नए दौर को लेकर हमें सतर्कता पर जरूर ध्यान रखना होगा। दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी के मंत्र का अनुसरण करने के साथ ही जिन लोगों ने अब तक वैक्सीन नहीं लगवाई है उन्हें वैक्सीन लगवाने को प्रेरित करें। मुख्यमंत्री जी ने इस बात पर प्रसन्नता जताई कि यहां विवाह बंधन में बंधे सभी वर–वधू ने पहले से मास्क लगा रखे हैं। कहा कि कोरोना के चलते कई देशों में जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया लेकिन पीएम मोदी के नेतृत्व में देश और उत्तर प्रदेश में कोरोना के सफल प्रबंधन की मिसाल पूरी दुनिया ने देखी। लॉकडाउन में उत्तर प्रदेश ऐसा पहला राज्य था जिसने गरीबों, श्रमिकों को भरण–पोषण भत्ता दिया। 54 लाख श्रमिकों को इसका लाभ मिला। सरकार ने मुफ्त में खाद्यान्न वितरण भी प्रारम्भ किया जो अनवरत जारी है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उपस्थित जनसमूह से कोविड वैक्सीन लगवाने के बारे में पूछा। सबके हाथ उठाने पर उन्होंने कहा कि आपके आसपास जो लोग भी बचे हों उन्हें वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित करें।उन्होने बताया कि देश में 125 करोड़ लोगों को वैक्सीन लगाई जा चुकी है उत्तर प्रदेश में भी 16 करोड़ लोगों को वैक्सीन लग चुकी है। ’2503 जोड़े बंधे वैवाहिक बंधन में’

इस समारोह में गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर व महराजगंज जनपद के कुल 2503 जोड़े विवाह के पावन बंधन में बंधे। नवयुगलों में 2243, हिन्दू, 138 मुस्लिम व 122 बौद्ध शामिल रहे। मुख्यमंत्री जी ने सभी नव दम्पतियों को आशीर्वाद देते हुए मुख्यमंत्री ने उनके सुखमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने मंच से तीन मुस्लिम नव दम्पतियों समेत 11 युगलों को प्रमाण पत्र और पुष्पगुच्छ भेंट किया। प्रमाण पत्र देने के दौरान मुख्यमंत्री जी ने जोड़ों से आत्मीय संवाद भी किया। समारोह में मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए श्रम एवं सेवायोजन मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने श्रमिकों के लिए चलाई जा रही हैं 18 योजनाओं का जिक्र किया। उन्होनें कहा कि बहुत पारदर्शी तरीके से इनका लाभ श्रमिकों को मिल रहा है। श्री मौर्य ने कहा कि श्रमिक काम के लिए आज यहां तो कल वहां होता है, ऐसेमें उनके बच्चों की पढ़ाई बाधित न हो इसके लिए हर मंडल मुख्यालय पर अटल आवासीय विद्यालयों की स्थापना की जा रही है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष सावित्री जायसवाल, विधायकगण रजनीकांत मणि (कुशीनगर), पवन केडिया (हाटा), जटाशंकर त्रिपाठी (खड्डा), गंगा सिंह कुशवाहा (फाजिलनगर), राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष लालबाबू सिंह वाल्मीकि, राज्य गोसेवा आयोग के उपाध्यक्ष जसवंत सिंह श्अतुलश, बीज विकास निगम के उपाध्यक्ष राजेश्वर सिंह, यूपी स्टेट एग्रो इंडस्ट्रियल कॉर्पोरेशन के उपाध्यक्ष जगदीश मिश्र, देवरिया–कसया सहकारी बैंक के चेयरमैन लल्लन मिश्र, नगर पालिका पडरौना के विनय जायसवाल, हाटा के चेयरमैन मोहन वर्मा, ब्लॉक प्रमुख शशांक दूबे, विंध्यवासिनी श्रीवास्तव, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनधि सुधीर राव, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रेमचंद मिश्र आदि उपस्थित रहे।

## उ. प्र. भारत स्काउट और गाइड तत्वाधान में तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन



प्रखार मिर्जामुराद वाराणसी। राजकीय हाई स्कूल करधना में उत्तर प्रदेश स्काउट गाइड जनपद वाराणसी के तत्वाधान में सोमवार को प्रगतिशील प्रशिक्षण शिविर के समापन पर स्काउट गाइड के बच्चों ने अपने तीन दिवसीय प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान का प्रदर्शन किया जिसमें बच्चों ने विभिन्न प्रकार की तालियां टेंट टावर पूल इत्यादि बनाकर अपने प्रतिभा का प्रदर्शन किया बच्चों ने निस्वार्थ सेवा भाव से देश के समस्त नागरिकों को अपने विश्व बंधुत्व की भावना से प्रेरित करने का संकल्प लिया साथ ही दीक्षा संस्कार में स्काउट गाइड नियम प्रतिज्ञा को दोहरा कर बच्चों ने जीवन में उसका अनुपालन करने का प्रण लिया कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदीप कुमार चतुर्वेदी, उमेश कुमार केसरी, संतोष कुमार कुशल श्री विपिन कुमार, शिव प्रताप तिवारी, मधुपर्णा मुखर्जी, समेत विद्यालय के समस्त अध्यापक उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शारदा देवी प्रधानाचार्य राजकीय हाई स्कूल ठठरा वाराणसी रही तथा विशिष्ट अतिथि डॉक्टर विशालाक्षी जिला सचिव स्काउट गाइड फैलोशिप रही कार्यक्रम संयोजिका श्रीमती अंचला परमार ने आये हुए समस्त अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया।

## बरही बेचूवीर निवासी समाजसेवी रामराज सिंह का निधन



प्रखर अहरौरा मिर्जापुर। क्षेत्र के बरही बेचूवीर निवासी रामराज सिंह की मौत के बाद पुरा गाँव दुखी हो गया बताया जाता है कि ओ जरगो बन्धा मे बेलवा गाँव के निवासी थे जब 1958मे जरगो बन्धा बनना शुरु हुआ तो सभी गाँव के लोग इधर उधर हो गये लेकिन श्री रामराज सिंह ने कुछ गांव के लोगों को लेकर बरही बेचूवीर मे रहने लगे बताया जाता है कि एक घटना ने इनके पुरे जीवन को बदल कर रख दिया इनके पास लगभग सौ से जादा गाये थी एक दिन गाय को चराने जा रहे थे तभी एक पागल कुत्ते ने लगभग दस गायो को काट लिया बहुत प्रयासो के बाद भी नहीं बचा सके फिर इन्होने मन में ठान लिया कि जो हमारे साथ हुआ ये अब अपने ग्रामवासियों के साथ नही होने देंगे इसलिए इन्होने मन्त्र सिखने के लिए ठान लिये घर से दूर छःमाह तक रह कर अनेको मन्त्रो को सिखे, जादू से लेकर झाड़ फुक मे बिच्छू कुत्ता आग बाधने जैसी अनेको कला सिखे थे जिससे गांव की भला हो सके मन्त्रो के साथ साथ जंगल की जड़ी बुटी का भी बहुत जानकारी थी इन्होने निशुल्क व निस्वार्थ भाव से गाँव की सेवा किये ऐसे समाज सेवक रामराज सिंह के मौत से गाँव दुखीत हो उठा ओ बृक्ष, कट गया हम जिनके छाव मे जिया करते थे घर का ओ दरवाजा टुट गया

जो हम सबका हिफाजत किया करते थे कौन बचायेगा उन मुसीबतो से जिन मुसीबतो से बचाया करते थे ठण्डी गर्मी वर्षा दिन हो रात एक अवाज दो दौड़ कर आते थे कोइ हो मुसीबत उनका निपटारा करने का पुरा प्रयास करते थे।

## अबोध बालिकाओं के साथ रेप करने वाले अभियुक्त को फांसी की सजा एवं स्कूल प्रबंधक के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाये – विकास चन्द्र तिवारी

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। अबोध बालिकाओं के साथ रेप करने वाले अभियुक्त को फांसी की सजा दी जाए एवं स्कूल प्रबंधक के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए वाराणसी स्वराज संस्था के प्रबंधक सचिव विकास चंद्र तिवारी ने अपने जारी बयान में कहा है कि किसी भी अबोध बालिका के साथ दुष्कर्म करने वाले दोषी व्यक्ति को फांसी की सजा दी जाए एवं उसे संरक्षित और संरक्षण देने वाले व्यक्ति चाहे कितना भी बड़ा प्रभावशाली हो उसके खिलाफ भी कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। श्री तिवारी ने कहा कि लहरतारा स्थित सनबीम विद्यालय में तीन–चार दिन पूर्व कक्षा तीन में पढ़ने वाली नौ वर्ष की बालिका एवं लल्लापुरा की बालिका के साथ जिस तरह अमानवीय कृत्य हुआ है उसे हम समस्त काशीवासी बहुत ही दुखी हैं ऐसे प्रकरण को गंभीरता पूर्वक संज्ञान में लेते हुए केंद्र एवं प्रदेश सरकार एवं प्रशासन को कठोर कार्रवाई करने पर विचार करना चाहिए तभी आने वाले दिनों में ऐसे कुकृत्य करने वालों को सबक मिलेगा। स्वराज संस्था के प्रबंधक सचिव श्री विकास चंद तिवारी ने इस बात पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि इतनी बड़ी घटना घट जाने के बाद बनारस में सत्ताधारी दल के आठ विधायक एकदम खामोश है जो बहुत ही शर्म का विषय है आने वाले विधानसभा के चुनाव में ऐसे विधायक जो इस कुकृत्य के खिलाफ मौन धारण किए हुए हैं जिन्हें जनता जोरदार जवाब देने का काम करेगी।

## जलालपुर पुलिस ने एक नफर वाछित अभियुक्त इसराईल उर्फ बरखू को किया गिरफ्तार

प्रखार जौनपुर। पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन एंव क्षेत्राधिकारी केराकत व प्रभारी निरीक्षक जलालपुर विजय शंकर सिंह के कुशल पर्यवेक्षण में उप निरीक्षक रमेश चन्द्र थाना जलालपुर जनपद जौनपुर व कोबरा 21 के कर्मचारीगण का० भुंवर सिंह यादव, का० पंकज गुप्ता थाना जलालपुर जौनपुर द्वारा दिनांक 28.11.2021 को एक नफर वाछित अभियुक्त इसराईल उर्फ बरखू पुत्र सफी निवासी चवरी थाना जलालपुर जनपद जौनपुर सम्बन्धित मु0अ0सं0 286/21 धारा 216 भादवि थाना जलालपुर जनपद जौनपुर को ग्राम चवरी से गिरफ्तार किया गया । उक्त अभियुक्त इसराईल उर्फ बरखू मु0अ0सं0201/21 धारा 392/120ठ भादवि के वांछित अभियुक्त कल्लू उर्फ समशेर पुत्र इसराईल उर्फ बरखू निवासी चवरी थाना जलालपुर जौनपुर को संश्रय व पनाह देता था जिसके कारण अभियुक्त इसराईल उर्फ बरखू के विरुद्ध धारा 216 भादवि का अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार कार्यवाही की गयी। गिरफ्तारी अभियुक्त इसराईल उर्फ बरखू पुत्र सफी निवासी चवरी थाना जलालपुर जनपद जौनपुर है। सम्बन्धित मु0अ0सं0 286/21 धारा 216 भादवि द्य गिरफ्तारी करने वाली टीम मे प्र0नि0 विजय शंकर सिंह थाना जलालपुर ,उ0नि0 रमेश चन्द्र थाना जलालपुर , का. भुंवर सिंह यादव थाना जलालपुर ,का. पंकज गुप्ता सहित जलालपुर थाना के पुलिसकर्मी शामिल थे

## चोरी के माल के साथ तीन गिरफ्तार




प्रखर अहरौरा मिर्जापुर। अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना अहरौरा पुलिस द्वारा चोरी के माल के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया । सोनू केशरी पुत्र प्रेम केशरी निवासी ग्राम लालगोला थाना अहरौरा द्वारा टी वी एवं स्टेबलाइजर चोरी किए जाने का मामला 25 नवंबर को दर्ज कराया था जिसके आधार पर पुलिस ने अज्ञात लोगों द्वारा चोरी की घटना हुआ था । एस आई गिरेंद्र राय कांस्टेबल भीम सिंह ,राजेश राय द्वारा गश्त के दौरान मूखबीर के सूचना पर तीन लोगों अलताफ खाँ पुत्र नन्हकु उर्फ सलिम नि0 बाराडीह थाना अहरौरा. समीर पुत्र मुन्ना खाँ नि0 चितविश्रामपुर थाना अहरौरा राजू उर्फ रियाज पुत्र आजाद चितविश्राम अहरौरा को चोरी के माल टीवी एव स्टेबलाइजर के साथ गिरफ्तार किया । पुछताछ पूछताछ के दौरान पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि चोरी का सामान लालगोला निवासी सोनू केशरी का है । सोनु केशरी के तहरी पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर आरोपियों को जेल भेज दिया गया ।

## पुरानी पेंशन के लिए लखनऊ रवाना हुए शिक्षक




प्रखर पिंडरा वाराणसी। पुरानी पेंशन की बहाली को लेकर 30 नवम्बर को लखनऊ में शिक्षक संगठन व अन्य सरकारी संस्थाओं के सयुक्त तत्वाधान में अयोजित रैली में भाग लेने के लिए सोमवार को सायंकाल में पिंडरा ब्लॉक से सैकड़ो शिक्षक बस व ट्रेन द्वारा रवाना हुए। इसके पूर्व प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष संजय सिंह के नेतृत्व में शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने ब्लॉक के विभिन्न विद्यालयों पर सम्पर्क पर लखनऊ चलने का आह्वान शिक्षको से किया जिससे बुढ़ापे की लाठी पेंशन को सरकार से लिया जा सके। इस दौरान जिला मंत्री कैलाश यादव, वीरेंद्र सिंह, रमाकांत सिंह, जितेंद्र पांडेय, अजय दुबे, संजय सिंह समेत अनेक शिक्षक रहे।

## काशी हिंदू विश्वविद्यालय परिसर में कूड़े के ढेर में आग लगाए जाने से लोगों को हो रही समस्या – अमन यादव



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। अमन यादव महानगर महासचिव पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ समाजवादी पार्टी वाराणसी ने बताया की दिनांक 28 नवम्बर को अचानक विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से आग लगा दी गई जिसे उठने वाले धुएं के बहुत बड़े अंबार से सीर गोवर्धनपुर छतरपुर भगवानपुर व आस–पास के गांव में सांस लेना दुर्लभ हो गया है ऐसे में लोगों को बहुत ही कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है खासकर बच्चों और बुजुर्गों को सांस लेने में बहुत दिक्कत हो रही है कल रात में चक्का जाम करने के बाद आश्वासन मिला था लेकिन अभी तक कार्रवाई नहीं हुआ जल्द से जल्द अगर इस कूड़े का उचित प्रबंध नहीं किया गया तो हम लोग धरना देने के लिए बाध्य होंगे।

## मण्डल स्तर के विजेताओं का विद्यालय में हुआ सम्मान



प्रखर पिंडरा वाराणसी। यू०पी० कालेज के खेल मैदान पर गत 26 व 27 नवम्बर मंडलीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में वाराणसी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिसमे कम्पोजिट स्कूल तोरमईपट्टी, पिण्डरा के बच्चों ने योग प्रदर्शन और कुश्ती में मिलाकर कुल 7 गोल्ड मेडल जीता था। सोमवार को विद्यालय पहुचने पर उनका शिक्षको व छात्रों ने माला पहनाकर स्वागत किया। प्रशिक्षक कमलेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि योग प्रदर्शन में शिवम,सूरज और प्रगति ने तो कुश्ती में प्रवेश,अशोक,विवेक और आकाश ने शानदार प्रदर्शन कर मेडल जीता।अब इन बच्चों को प्रदेश स्तर पर प्रतिभाग करने के लिए लखनऊ का टिकट मिलेगा।बीएसए राकेश सिंह व खण्ड शिक्षा अधिकारी मंगरू राम ने विद्यालय बच्चो व शिक्षको को इस उपलब्धि के लिए बधाई देते प्रदेश स्तर पर नाम रोशन करने का आह्वान किया।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक ‘पंकज सिंह’ के लिए सम्पादक ‘अरूण सिंह’
द्वारा ‘गायत्री प्रिंटिंग प्रेस’
सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001
से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः
9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी,
गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः
0548-2223833, +91-8858563779
+91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं